# 1. भाषा और व्याकरण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. भाषा के दो रूप हैं– मौखिक और लिखित।
2. व्याकरण हमें भाषा को शुद्ध लिखना, पढ़ना और बोलना सिखाता है।

**(ख) सही विकल्प पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. भाषा कहते हैं– (ग) विचारों के आदान-प्रदान को ☑
2. मौखिक भाषा कहते हैं– (क) बोलकर विचार प्रकट करने को ☑
3. लिखित भाषा कहते हैं– (ग) लिखकर विचार प्रकट करने को ☑
4. भाषा को लिखने का ढंग कहलाता है– (क) लिपि ☑
5. भाषा को शुद्ध लिखना, पढ़ना और बोलना सिखाता है– (घ) भाषा का व्याकरण ☑

**(ग) नीचे दिए चित्रों में भाषा का कौन-सा रूप दिखाई दे रहा है? सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**



मौखिक ☑




लिखित ☑

**(घ) निम्नलिखित राज्यों की भाषा का नाम लिखिए।**


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. कनार्टक | कन्नड | 2. केरल | मलयालम |
| 3. गुजरात | गुजराती | 4. बिहार | हिंदी |
| 5. पंजाब | पंजाबी | 6. ओडिशा | ओडिया |

**(ङ) भाषा और लिपि का सही मिलान कीजिए।**



**कुछ करने की बारी**

मौखिक भाषा वाले चित्रों पर म और लिखित भाषा वाले चित्रों पर ल लिखिए।




**पता करने की बारी**

आपकी कक्षा में कौन-कौन सी भाषा बोलने वाले छात्र हैं? पता कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 2. वर्ण विचार

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. हिंदी वर्णमाला में 11 स्वर होते हैं।
2. क्ष, त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन हैं।
3. वर्णों को अलग-अलग करना वर्ण-विच्छेद कहलाता है।

**(ख) पेड़ पर लिखे स्वर और व्यंजन को पहचानकर अलग-अलग फूलों में लिखिए।**

स्वर – अ इ ई उ ऋ ए ओ औ　　　व्यंजन – क ग घ च प य श ह

**(ग) नीचे लिखे अक्षरों को मिलाकर शब्द बनाइए।**

1. क्षत्रिय　2. बादल　3. खरगोश　4. मछली

**(घ) नीचे लिखे शब्दों के वर्ण अलग-अलग कीजिए।**

1. कमल – क् + अ + म् + अ + ल् + अ
2. गमला – ग् + अ + म् + अ + ल् + आ
3. काजल – क् + आ + ज् + अ + ल् + अ
4. माला – म् + आ + ल् + आ
5. मकान – म् + अ + क् + आ + न् + अ

**(ङ) संयुक्त व्यंजनों से बना एक-एक शब्द लिखिए।**

1. क्ष – कक्षा　2. त्र – नेत्र　3. ज्ञ – आज्ञा　4. श्र – श्रम

**(च) निम्नलिखित के दो-दो शब्द लिखिए।**

द्वित्व व्यंजन वाले शब्द = पत्ता　भुट्टा

संयुक्त अक्षर वाले शब्द = पत्थर　बस्ता

**(छ) ( ं ), ( ँ ) और ( ॉ ) का प्रयोग करके दो-दो शब्द लिखिए।**


1. ( ं ) – चंद्रमा　शंख　2. ( ँ ) – आँगन　हँस　3. ( ॉ ) – डॉक्टर　मॉल

**(ज) सही विकल्प पर ठीक (✓) कर चिह्न लगाइए।**

1. वर्ण को ________________ भी कहते हैं।　(ख) अक्षर ✓
2. वर्णों के ________________ को वर्णमाला कहते हैं।　(क) समूह ✓
3. वर्णों में स्वरों की संख्या ________________ है।　(क) ग्यारह ✓
4. वर्णों में व्यंजनों की संख्या ________________ है।　(ग) तैंतीस ✓
5. व्यंजन वर्ण सदैव ________________ की सहायता से बोले जाते हैं।　(ग) स्वर ✓

### कुछ करने की बारी

नीचे दी गई शब्द-रेल को पूरा कीजिए। ध्यान रहे, प्रत्येक शब्द के अंतिम वर्ण से अगला शब्द बनेगा।




### पता करने की बारी

वाहनों के हॉर्न की भिन्न-भिन्न ध्वनियों के बारे में पता कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 3. मात्रा ज्ञान

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. 'अ' स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है।
2. 'औ' की मात्रा व्यंजन के साथ ऊपर की ओर वर्ण के बाद जुड़ती है।
3. व्यंजनों के साथ-साथ मात्रा वर्ण के पीछे-आगे, नीचे-ऊपर तथा वर्ण के पीछे मध्य में भी जुड़ती है।
4. ऋ की मात्रा व्यंजन में नीचे लगती है।

**( ख ) नीचे दी गई मात्राओं का प्रयोग करते हुए तीन-तीन शब्द लिखिए।**

| ा | ि | ी |
|---|---|---|
| माला | किताब | मीठा |
| रात | चिड़िया | पपीता |
| कागज़ | हिरन | बकरी |

| ु | ू | ो |
|---|---|---|
| चुहिया | चूहा | कोयल |
| गुलाब | जूता | टोपी |
| रुपया | सूरज | घोड़ा |

**( ग ) ( ं ) या ( ँ ) की मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गाँव | अंडा | मंदिर | बंदर | दाँत | घंटा |
| आँख | साँप | पतंग | झंडा | मुँह | रंग |

**( घ ) चित्र के नीचे दिए गए नामों में वर्ण पर उचित मात्राएँ लगाकर शब्द पूरे कीजिए।**


शेर


कोयल


खरगोश


अमरूद


गिलहरी


बिल्ली

**( ङ ) 'र' में 'उ' तथा 'ऊ' की मात्रा लगाकर दो-दो शब्द बनाइए।**

1. र + उ की मात्रा ( ु ) रुपया गुरु
2. र + ऊ की मात्रा ( ू ) रूप ज़रूर

**(च) सही विकल्प पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. मात्रा कहते हैं– (ख) व्यंजनों के साथ स्वरों के चिह्नों को मिलाना ☑
2. 'र' में 'उ' की मात्रा का सही रूप है– (क) रु ☑
3. 'र' में 'ऊ' की मात्रा का सही रूप है– (क) रू ☑
4. किस शब्द में 'ऋ' की मात्रा लगी है? (ख) कृपा ☑

**(छ) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।**

1. (्र) के प्रयोग वाले तीन शब्द लिखिए।

   द्रव क्रम कद्र

2. (र्) के प्रयोग वाले तीन शब्द लिखिए।

   कर्म धर्म नर्क

3. (‸) के प्रयोग वाले तीन शब्द लिखिए।

   ट्रक ट्रेन ड्रामा

**कुछ करने की बारी**

नीचे दिए चित्रों में अनुस्वार (ं) की मात्रा वाले नामों के चित्रों में रंग भरिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

**पता करने की बारी**

अपने विद्यालय के पाँच ऐसे बच्चों के नाम पता कीजिए जिनके नाम में अनुस्वार (ं) या चंद्रबिंदु (ँ) की मात्रा आती हो।

विद्यार्थी स्वयं करें।


# 4. शब्द और वाक्य

## अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. वर्णों को जोड़ने पर शब्द बनते हैं, लेकिन उनका सही अर्थ होना चाहिए।
2. शब्दों को सही क्रम में जोड़ने से वाक्य बनते हैं।

**( ख ) वर्णों को सही क्रम में लगाकर उचित शब्द बनाइए।**



म इ ली **इमली**



गो ख श र **खरगोश**



ग दू र जा **जादूगर**

**( ग ) चित्र देखिए और एक-एक वाक्य लिखिए।**

बच्चे बारिश में खेल रहे हैं।

नल से पानी आ रहा है।

लड़का किताब पढ़ रहा है।


लड़का तैर रहा है।

लड़का विद्यालय जा रहा है।

**( घ ) शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य लिखिए।**

1. राशि है खेलती फ़ुटबॉल। — राशि फ़ुटबॉल खेलती है।
2. रोते-रोते गया सो बच्चा। — बच्चा रोते-रोते सो गया।
3. जाएगा हो बाज़ार जल्दी बंद। — बाज़ार जल्दी बंद हो जाएगा।
4. रहा बीन है बजा सपेरा। — सपेरा बीन बजा रहा है।
5. जा है रहा पार्क रोहन। — रोहन पार्क जा रहा है।
6. चहक हैं चिड़ियाँ रही बाग में। — चिड़ियाँ बाग में चहक रही हैं।

**( ङ ) चित्र देखकर शब्द-सीढ़ी में शब्द पूरे कीजिए।**



**कुछ करने की बारी**

नीचे दिए चित्रों में पाँच अंतर ढूँढ़कर गोला लगाइए।

1. हवाई जहाज नहीं है।
2. बॉल से खेलता लड़का नहीं है।
3. फलों की टोकरी नहीं है।
4. कुत्ते के डिब्बे में दूध नहीं है।
5. आदमी की टीशर्ट में फूल नहीं है।

**पता करने की बारी**

देशी और विदेशी भाषा के पाँच-पाँच शब्द पता कीजिए।

देशी भाषा के शब्द – चिड़िया, जूता, पगड़ी, कटोरा, लोटा

विदेशी भाषा के शब्द – कॉलेज, कॉफी, डाक्टर, टिकट, स्टेशन

# 5. संज्ञा

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी तथा स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं।
2. संज्ञा के तीन भेद हैं– व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा।

**(ख) वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. करण पुस्तक पढ़ रहा है। | करण | पुस्तक |
| 2. ताजमहल आगरा में है। | ताजमहल | आगरा |
| 3. पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं। | पिता जी | अखबार |
| 4. माँ रामायण पढ़ रही हैं। | माँ | रामायण |

**(ग) नीचे दिए गए चित्र को देखकर आठ संज्ञा शब्द लिखिए।**





स्टोर पतंग दुकान खिलौना गुब्बारा कुत्ता बच्चा औरत

**(घ) सही उत्तर के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. 'ईमानदारी' शब्द किस संज्ञा का है? (ग) भाववाचक ☑
2. इनमें जातिवाचक संज्ञा का शब्द नहीं है– (ख) रोहन ☑
3. इनमें व्यक्तिवाचक संज्ञा का शब्द है– (ग) सुरेश ☑

**कुछ करने की बारी**

चित्रों की सहायता से शब्द-जाल को संज्ञा शब्दों से भरिए।




**पता करने की बारी**

आपको विद्यालय के पुस्तकालय में क्या-क्या चीज़ें दिखती हैं? उनके नाम पता कीजिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 6. लिंग

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. लिंग से हम जान पाते हैं कि प्राणी या वस्तु पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का।
2. लिंग के दो भेद हैं– पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

**(ख) रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर खाली स्थान भरिए।**

1. हमारे स्कूल में शिक्षक और **शिक्षिका** दोनों पढ़ाते हैं।
2. दादा जी सैर करने गए हैं और **दादी जी** घर पर पूजा कर रही हैं।
3. मोर नाच रहा है तथा **मोरनी** उसे देख रही है।
4. मदारी बंदर और **बंदरिया** का खेल दिखा रहा है।

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों में से पुल्लिंग शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| <u>गधा</u> | <u>पानी</u> | <u>पेड़</u> | <u>फूल</u> | टेबल |
| कुर्सी | हवा | चम्मच | पुस्तक | कलम |
| <u>पिता</u> | बहन | <u>भाई</u> | अध्यापिका | <u>मामा</u> |

**(घ) रंगीन शब्दों के विपरीत लिंग लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. शेर ज़ोर से दहाड़ा। | शेरनी |
| 2. माली पौधों की देखभाल कर रहा है। | मालिन |
| 3. नायिका मंच पर आई। | नायक |
| 4. नौकरानी बर्तन धो रही है। | नौकर |
| 5. सेठ ने नौकर को बुलाया। | सेठानी |

**(ङ) चित्रों को देखकर उनके नाम उचित स्थान पर लिखिए।**

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
|   | बैल | गाय |
|   | राजा | रानी |

लड़का  लड़की

धोबी  धोबिन

**(च) सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. जो शब्द स्त्री-जाति का बोध कराए, वे कहलाते हैं– (ख) स्त्रीलिंग ✓
2. इनमें पुल्लिंग शब्द नहीं है– (ग) मालिन ✓
3. 'लड़का' का स्त्रीलिंग शब्द होगा– (क) लड़की ✓

**(छ) चित्रों को उनके स्त्रीलिंग-पुल्लिंग शब्द से मिलाइए।**

मोरनी 

शेर 

बकरी 

मुर्गा 

## कुछ करने की बारी

नीचे दिए गए चित्रों में स्त्रीलिंग नाम वाले चित्र में रंग भरिए और पुल्लिंग नाम वाले चित्र में रंगीन कागज़ के टुकड़े चिपकाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## पता करने की बारी

आसमान में दिखने वाली चीज़ों के लिंग बताइए। जैसे– सूरज–पुल्लिंग।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 7. वचन

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. संज्ञा का वह रूप जिससे उसके एक या अनेक होने का पता चलता है, वचन कहलाता है।
2. वचन के दो भेद हैं– एकवचन और बहुवचन।

**(ख) एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए।**

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| कपड़ा | वस्तुएँ | कहानी | बातें |
| गमला | बेटे | पुस्तक | कुरते |
| नदी | गुड़ियाँ | कुत्ता | कथाएँ |
| माला | महिलाएँ | झंडा | गायें |

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए।**

| | एकवचन | बहुवचन | | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ठेला | ठेले | 2. | कमरा | कमरे |
| 3. | बच्चा | बच्चे | 4. | केला | केले |
| 5. | लता | लताएँ | 6. | पौधा | पौधे |
| 7. | बेटी | बेटियाँ | 8. | मक्खी | मक्खियाँ |

**(घ) दिए गए चित्रों के नाम लिखिए।**



एक लड़की



पाँच लड़कियाँ



एक घड़ा



तीन घड़े



एक मछली



दो मछलियाँ

**(ङ) सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. संज्ञा के जिस रूप से किसी व्यक्ति या वस्तु के एक से अधिक होने का बोध हो, उसे कहते हैं–
   (ख) बहुवचन ☑
2. <u>पंखे</u> चल रहे हैं।– वाक्य में रेखांकित का वचन है– (क) बहुवचन ☑
3. 'तितली' का बहुवचन क्या है? (ख) तितलियाँ ☑
4. इनमें एकवचन शब्द है– (ग) रानी ☑
5. बंदर का बहुवचन होगा– (ग) बंदरों ☑

**कुछ करने की बारी**

रास्ता ढूँढ़िए– बंदर को केलों तक पहुँचाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

**पता करने की बारी**

आपके घर में कौन-सी चीज़ें 'एक' हैं और कौन-सी 'अनेक' हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 8. सर्वनाम

## अभ्यास

**( क ) पूछे गए सर्वनाम शब्दों के दो-दो उदाहरण बताइए।**

1. मैं, मेरा, मेरी, मुझे, हमारा, अपना, अपनी आदि।
2. तू, तुम, आप, तुम्हारा, तुम्हारी आदि।
3. वह, वे, उसका, उसकी, उनका, उन्हें आदि।

**( ख ) वाक्यों में आए सर्वनाम शब्दों को छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| 1. मैं पढ़ रहा हूँ। | मैं |
| 2. आप घर कब लौटेंगे? | आप |
| 3. तुम कहाँ जा रहे हो? | तुम |
| 4. मुझे दादा जी को बुलाना है। | मुझे |
| 5. उन्होंने अतिथि का इंतज़ार किया। | उन्होंने |
| 6. क्या आपने खाना खा लिया। | आपने |

**( ग ) सही विकल्प के सामने ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाकर वाक्य पूरे कीजिए।**

1. सर्वनाम को ____________ कहते हैं। (ग) सबका नाम ✓
2. सर्वनाम का प्रयोग ____________ के स्थान पर होता है। (क) संज्ञा ✓
3. इनमें सर्वनाम शब्द नहीं है– (ग) रवि ✓

**( घ ) सही सर्वनाम शब्द से खाली स्थान भरिए।**

1. वाणी **तुम** कहाँ जा रही हो?

   माँ **मैं** खेलने जा रही हूँ।





2. हनी क्या **यह** घड़ी **तुम्हारी** है?

   हाँ, **इसे** कब से **मैं** ढूँढ़ रहा था।



3. नानी **आपने** दवाई खा ली?

   हाँ, मीरा **मैंने** दवाई खा ली है।

## कुछ करने की बारी

नीचे दिए शब्द-जाल में से दस सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तु | म | उ | र | ज | न | आ |
| ग | ख | न | वे | छ | व | ड |
| र | मैं | का | च | आ | ह | मे |
| उ | ठ | घ | त | म | झ | रा |
| ञ | स | उ | ई | ण | ऊ | स |
| मु | झ | को | थ | ह | इ | व |
| झे | ज | द | ध | म | ढ | स |

| | |
|---|---|
| तुम | हम |
| मैं | उनका |
| मेरा | उसको |
| वे | वह |
| मुझको | मुझे |

## पता करने की बारी

आप अपने मित्र के लिए और उसके पिता के लिए कौन-कौन से सर्वनाम प्रयोग करते हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 9. विशेषण

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित संज्ञा शब्दों की कोई दो-दो विशेषताएँ लिखिए।**

1. दादा जी – वृद्ध, अनुभवी
3. पड़ोसी – अच्छे, सहयोगी
2. माता जी – सुंदर, सहनशील
4. पिता जी – मेहनती, ईमानदार

**(ख) दिए गए चित्रों के नीचे उनके नाम और एक-एक विशेषता लिखिए।**


गुलाबी कमल


काला कुत्ता


बड़ा कोट


सफ़ेद ताजमहल


कड़वा करेला


मोटा लड़का

**(ग) पोटली में से सही विशेषण शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।**





1. उसका घर **सुंदर** है।
2. नौकर **दो किलो** चीनी लाया।
3. मेरा कक्षा में **प्रथम** स्थान आया है।
4. **गोल** मेज़ पर पुस्तकें रखो।
5. उसके बाल **घने** हैं।
6. मेरी गाड़ी **सफ़ेद** रंग की है।

**(घ) सही विकल्प पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. विशेषण शब्द विशेषता बताते हैं– (क) संज्ञा, सर्वनाम की ✓
2. चावल के लिए उपयुक्त विशेषण है– (ग) दो किलो ✓
3. इनमें से आकार वाला विशेषण नहीं है– (ग) बुरा ✓
4. इनमें से कौन-सा विशेषण संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष विशेषण में नहीं आता है? (ग) मीटर ✓

**( ङ ) चित्रों को उनके उचित दो विशेषणों के साथ जोड़िए।**




**कुछ करने की बारी**

चित्र देखकर दिए गए शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए।

1. सूरज-गोल
2. पेड़-हरा
3. गमले-आठ
4. कुत्ता-सफ़ेद
5. घर-एक
6. चिड़िया-छोटी
7. फूल-रंग-बिरंगे
8. लड़कियाँ-दो

**पता करने की बारी**

अपने मित्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## 10. क्रिया

### अभ्यास

**( क ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे क्रिया कहते हैं।
2. जो काम करता है, वह कर्ता होता है।

**( ख ) नीचे लिखे क्रिया शब्दों को उचित वाक्यों के साथ जोड़िए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कूद रही है | उड़ा रहा है | बरस रहा है | टिमटिमा रहे हैं |






रवि पतंग **उड़ा रहा है।** पानी **बरस रहा है।** तारे **टिमटिमा रहे हैं।** लड़की रस्सी **कूद रही है।**

**( ग ) नीचे दिए शब्दों में जो शब्द क्रिया नहीं हैं, उनके नीचे रेखा खींचिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हँसना | खाना | नया | कूदना | पीना |
| पढ़ना | तौलना | फल | खेलना | पुराना |
| लिखना | लड़का | जाना | आना | करना |

**( घ ) सही विकल्प पर ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

1. काम का करना या होना बताने वाले शब्द कहलाते हैं– (ग) क्रिया ✓
2. वाक्य अर्थहीन एवं अधूरे होते हैं– (क) क्रियारहित ✓
3. काम करने वाले को क्या कहते हैं? (ख) कर्ता ✓
4. दिए गए शब्दों में से क्रिया शब्द है– (ग) खिलना ✓

**( ङ ) कोष्ठक में से उचित क्रिया शब्द छाँटकर वाक्यों को पूरा कीजिए।**

1. माँ चाय **बनाती हैं**। (बनाती हैं / बनाया)
2. चिड़िया **उड़ती है**। (उड़ा / उड़ती है)
3. बच्चे मैदान में **खेलते हैं**। (खेलते हैं / खेला)
4. पानी **बहता है**। (उड़ता है / बहता है)
5. बादल **गरज रहे हैं।** (उबल रहे हैं / गरज रहे हैं)
6. तालाब में कमल **खिले हैं।** (खिले हैं / बैठे हैं)

**(च) चित्रों की सहायता से उचित क्रियाओं का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरे कीजिए।**

रवि विद्यालय **जा रहा है।** मालती **सो रही है।** महेश **नहा रहा है।**

**कुछ करने की बारी**

नीचे दिए कामों में से जो काम आप करना चाहेंगे, उनके नीचे 'हाँ' और जो काम आप नहीं करना चाहेंगे, उनके नीचे 'नहीं' लिखिए।

नहीं हाँ नहीं

हाँ नहीं हाँ

**पता करने की बारी**

आपकी माता जी आपके लिए क्या-क्या काम करती हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 11. शब्द-भंडार

## अभ्यास

**(क) कोष्ठक में से उचित विलोम शब्द पहचानकर दिए गए रिक्त स्थान में लिखिए।**

1. अच्छा × बुरा (गंदा / बुरा)
2. कायर × वीर (वीर / कमज़ोर)
3. स्वतंत्र × परतंत्र (परतंत्र / गुलाम)
4. सजीव × निर्जीव (अजीब / निर्जीव)
5. हँसना × रोना (हँसोड़ / रोना)

**(ख) नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

1. मूर्ख × विद्वान
2. आरंभ × अंत
3. पूरब × पश्चिम
4. काला × सफ़ेद
5. धनी × निर्धन
6. मौखिक × लिखित
7. अपना × पराया
8. शांत × अशांत

**(ग) सही उत्तर के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. एक-दूसरे के उलटा अर्थ देने वाले शब्दों को कहते हैं– (क) विलोम शब्द ☑
2. 'पक्का' का विलोम शब्द होगा– (ख) कच्चा ☑
3. इनमें विलोम शब्दों का सही जोड़ा कौन-सा है? (ग) हार-जीत ☑

**(घ) उचित विलोम शब्द के साथ जोड़ा मिलाकर उन्हें लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. उदय | निर्धन | उदय | × | अस्त |
| 2. पाप | उत्तर | पाप | × | पुण्य |
| 3. लाभ | रात | लाभ | × | हानि |
| 4. धनी | पुण्य | धनी | × | निर्धन |
| 5. प्रश्न | हानि | प्रश्न | × | उत्तर |
| 6. दिन | अस्त | दिन | × | रात |

**(ङ) रंगीन शब्दों के सही विलोम शब्द लिखकर वाक्यों को पूरा कीजिए।**

1. सदैव **सच** बोलना चाहिए, **झूठ** नहीं।
2. कुछ प्रश्न **सरल** हैं तो कुछ **कठिन**।
3. भावेश **मोटा** है और दिनेश **पतला**।
4. जीवन में कभी **सुख** आता है तो कभी **दुख**।

### कुछ करने की बारी

चित्र देखकर रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

लता **खुश** है पर बेला **उदास** है।

सूरज **दिन** में आता है। चाँद **रात** में जगमगाता है।

पीला आम **पका** है। हरा आम **कच्चा** है।   चूहा **अंदर** है। बिल्ली **बाहर** बैठी है।

**पता करने की बारी**

अपने अध्यापक/अध्यापिका से पता कीजिए कि सर्दियों और गर्मियों में सूरज कब उदय होता है और कब अस्त होता है?

विद्यार्थी स्वयं करें।


## समानार्थी शब्द

किसी शब्द का एक जैसा या समान अर्थ बताने वाले शब्द समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। ये समान अर्थ एक से अधिक होते हैं तथा इनका रूप अलग होता है पर अर्थ समान ही रहता है।


- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 65 पर दिए उदाहरण की सहायता से समानार्थी शब्द समझाएँ।
- ❖ कोई शब्द बोलें और बच्चों से जानने का प्रयास करें कि क्या वे उसका समान अर्थ वाला शब्द जानते हैं। यदि हाँ तो वे शब्द पूछें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 66-67 पर दिए समान अर्थ वाले शब्दों की सूची बच्चों से ही पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।
- ❖ बताएँ, किसी शब्द का समान अर्थ वाला शब्द संस्कृत भाषा का शब्द भी हो सकता है। जैसे– आग को संस्कृत में अग्नि भी कहते हैं आदि।
- ❖ समानार्थी शब्द याद करवाकर सुनें।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाएँ, आवश्यकता हो तो सहायता करें।

### अभ्यास

**(क) उस शब्द पर गोला लगाइए जो दिए हुए चित्र का नाम नहीं है।**




**(ख) चित्रों को उनके उचित समानार्थी शब्दों से जोड़िए।**



**(ग) सही उत्तर के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

1. समान अर्थ की ओर संकेत करने वाले शब्द कहलाते हैं– (ग) समानार्थी शब्द ☑
2. 'सागर' का समानार्थी शब्द है– (ख) समुद्र ☑
3. इनमें 'हवा' का समानार्थी शब्द नहीं है– (घ) सिंधु ☑

**(घ) नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द सामने लिखे वाक्यों में छिपे हैं। उन्हें रेखांकित करिए और उचित स्थान पर लिखिए।**

1. लड़का **बालक** उसके बाल कनपटी तक बढ़ गए हैं।
2. आकाश **नभ** राजन भरत के साथ चला गया।
3. पानी **नीर** नानी रथ पर बैठी थी।
4. हवा **पवन** अनूप वन में भटक गया।
5. सूरज **रवि** शंकर विमान पर चढ़ गया।

**(ङ) कोष्ठक में से उचित समानार्थी शब्द पहचानकर दिए गए रिक्त स्थान में लिखिए।**

1. पृथ्वी – भूमि 2. हाथ – हस्त 3. रात – रात्रि 4. स्त्री – नारी 5. नदी – सरिता

**कुछ करने की बारी**

वर्ग पहेली को समानार्थी शब्दों से पूरा कीजिए।

**बाएँ से दाएँ**

1. वाटिका
3. नदी
4. फूल
7. तालाब
9. सवेरा
10. हाथ
11. नारी
12. सूर्य

**ऊपर से नीचे**

2. आँख
3. राजा
5. आग
6. प्रभु
8. बादल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | प | व | 2 न | 12 र | वि |
| 3 स | रि | ता | य | | |
| म्रा | 4 प्र | सू | न | 5 पा | |
| ट | 6 ई | 7 स | रो | व | र |
| 8 मे | श्व | 9 प्रा | तः | 10 क | र |
| घ | र | 11 म | हि | ला | |

**पता करने की बारी**

अपने पसंदीदा जानवरों के दो-दो नाम बताइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

कई शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग भाषा को सरल बनाता है। इसे अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करना कहते हैं। इससे भाषा आकर्षक एवं प्रभावशाली बनती है।

❖ पाठ पृष्ठ 70 पर दिए चित्रों और अनेक शब्दों को पढ़ें। फिर अनेक शब्दों के स्थान पर उनका एक शब्द भी बताएँ।

- ❖ समझाएँ, इससे भाषा आसान बन जाती है।
- ❖ कुछ अनेक शब्द बोलें तथा बच्चों से उनका एक शब्द बताने को कहें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 70-71 पर दिए अनेक शब्द और उनका एक शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें। जिन बच्चों का उच्चारण कमज़ोर हो, उनसे अधिकाधिक पढ़वाएँ। इससे उनका उच्चारण शुद्ध होगा तथा उनकी झिझक भी दूर होगी।
- ❖ पाठ अभ्यास करने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।

## अभ्यास

**(क) दिए गए एक शब्दों को उनके अनेक शब्दों से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| 1. प्राचीन | जहाँ हम पढ़ने जाते हैं |
| 2. श्रमिक | मीठा बोलने वाला |
| 3. अभिनेता | जो पढ़ा-लिखा न हो |
| 4. अनपढ़ | जो श्रम करता हो |
| 5. मृदुभाषी | अभिनय करने वाला |
| 6. पाठशाला | पुराने ज़माने का |

**(ख) सही विकल्प पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. शहर में रहने वाला | (ग) शहरी | ✓ |
| 2. जो दूसरों का उपकार करे | (ग) परोपकारी | ✓ |
| 3. शाक-सब्ज़ी खाने वाला | (क) शाकाहारी | ✓ |
| 4. जो जल में रहता हो | (ग) जलचर | ✓ |
| 5. जो किसी से न डरे | (ख) निडर | ✓ |

**(ग) नीचे दिए गए चित्रों को पहचानकर उनके सामने अनेक शब्द और एक शब्द लिखिए।**

| | अनेक शब्द | एक शब्द |
|---|---|---|
|  | मूर्ति बनाने वाला | मूर्तिकार |
|  | लकड़ी का काम करने वाला | बढ़ई |
|  | चित्र बनाने वाला | चित्रकार |



शिकार करने वाला शिकारी



घोड़े पर सवारी करने वाला घुड़सवार

## कुछ करने की बारी

**पहेली** – संकेत के आधार पर खानों में छूटे वर्ण भरिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. यात्रा करने वाला | → | या | त्री | |
| 2. बालटी को इससे बाँधकर कुएँ में डाला जाता है | → | र | स्सी | |
| 3. रक्षा करने वाला | → | र | क्ष | क |
| 4. जिसमें घमंड हो | → | घ | मं | डी |
| 5. एक पेड़ का नाम | → | पी | प | ल |

## पता करने की बारी

हवाई जहाज़ और समुद्री जहाज़ को कौन चलाता है?

हवाई जहाज़ पायलट चलाता है और समुद्री जहाज़ कैप्टन चलाता है।

# 12. सामान्य अशुद्धियाँ

## अभ्यास

**(क) अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिमार | बीमार | 2. | नाखुन | नाखून |
| 3. | आर्शीवाद | आशीर्वाद | 4. | कवी | कवि |
| 5. | क्योंकी | क्योंकि | 6. | इसिलिए | इसलिए |
| 7. | आंख | आँख | 8. | मैहमान | मेहमान |
| 9. | जित | जीत | 10. | प्रीय | प्रिय |
| 11. | झनडा | झंडा | 12. | चिड़ीया | चिड़िया |
| 13. | ग्रहकार्य | गृहकार्य | 14. | रूपया | रुपया |
| 15. | प्रान | प्राण | 16. | शत्रू | शत्रु |

**(ख) शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डालि | ☐ | बगिचा | ☐ | पौधा | ☑ |
| 2. | फूल | ☑ | आनदं | ☐ | शरिर | ☐ |
| 3. | तीरंगा | ☐ | प्रत्येक | ☑ | राषट्र | ☐ |
| 4. | मित्र् | ☐ | हौली | ☐ | पूजा | ☑ |
| 5. | कक्षा | ☑ | मोति | ☐ | अचछी | ☐ |

**(ग) दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **अध्यापिका** | अधयापिका | अध्यापीका |
| 2. | जबाब | जबाव | **जवाब** |
| 3. | रास्ट्र | **राष्ट्र** | राश्ट्र |
| 4. | परिय | प्रीय | **प्रिय** |
| 5. | **दुर्जन** | दूर्जन | दुजर्न |
| 6. | मुर्ख | **मूर्ख** | मूंख |
| 7. | नीर्धन | र्निधन | **निर्धन** |
| 8. | परयाप्त | **पर्याप्त** | पर्यापत |

**(घ) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | गीता मेरा बहन है। | गीता मेरी बहन है। |
| 2. | उसका बहन अच्छी है। | उसकी बहन अच्छी है। |
| 3. | मेरा भाई लंबी है। | मेरा भाई लंबा है। |
| 4. | आसमान में पतंग उड़ रहा है। | आसमान में पतंग उड़ रही है। |
| 5. | माँ से खाना बना लिया। | माँ ने खाना बना लिया। |

6. तुम जल्दी चल। तुम जल्दी चलो।
7. मुझे खाना खानी है। मुझे खाना खाना है।
8. आज मेरा परीक्षा है। आज मेरी परीक्षा है।

**कुछ करने की बारी**

निम्नलिखित पंक्तियों में कुछ अशुद्ध शब्द आ गए हैं। उन पर गोला लगाइए और शुद्ध रूप लिखिए।

एसा कोई पेड़ लगाएँ,
घर- आगन दोनों मुसकाएँ।
साम -सवेरे चह-चह करतीं,
पयारी चंचल चिड़ियाँ आएँ।
जो भी देखे फूल मनौहर,
वे पल में खूश हो जाएँ।
बिन माँगे ही रोज़ मिलेंगी,
सेहत वाली शुद्ध हवाएँ।



**ऐसा आँगन शाम प्यारी मनोहर खुश**

**पता करने की बारी**

आपने विद्यालय आते या जाते समय रास्ते में बोर्ड पर अशुद्ध शब्द लिखे देखे होंगे। उन्हें अध्यापक/अध्यापिका को बताइए और उनका शुद्ध रूप लिखकर दिखाइए।

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 13. विराम-चिह्न

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप में दीजिए।**

1. पूर्ण विराम वाक्य के अंत में लगाया जाता है।
2. अल्प विराम का प्रयोग वाक्य में थोड़ी देर ठहरने के लिए होता है।

**(ख) दिए गए वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. राम घर गया — **राम घर गया।**
2. मुझे आम केला और लीची पसंद हैं — **मुझे आम, केला और लीची पसंद है।**
3. तुम कब आए — **तुम कब आए?**
4. तुमने खाना खा लिया है — **तुमने खाना खा लिया है।**
5. चलो बैठ जाओ — **चलो, बैठ जाओ।**
6. मैं बाज़ार जाऊँगा — **मैं बाज़ार जाऊँगा।**
7. वहाँ कौन है — **वहाँ कौन है?**
8. रवि रमेश और विवेक कल आएँगे — **रवि, रमेश और विवेक कल आएँगे।**

**(ग) दिए गए विराम-चिह्नों का प्रयोग करते हुए दो-दो वाक्य बनाइए।**

1. वह सो रहा है।
   रोहन स्कूल गया है।
2. पुलिस यहाँ क्यों आई है?
   तुम्हारे पिता का नाम क्या है?
3. नेहा बाजार से केले, आम और सेब लाई।
   उसके पास पेन, पेंसिल, रबड़ और कुछ किताबें हैं।

**(घ) दिए गए वाक्यों में लगे गलत विराम-चिह्नों को हटाइए और सही विराम-चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

1. तुम्हारा क्या नाम है। — **तुम्हारा क्या नाम है?**
2. मुझे खाना खाना है? — **मुझे खाना खाना है।**
3. चलो। चलकर खेलें, — **चलो, चलकर खेलें।**
4. क्या यह तुम्हारा भाई है। — **क्या यह तुम्हारा भाई है?**
5. लगता है आज वर्षा होगी? — **लगता है, आज वर्षा होगी।**
6. दरवाज़े पर कौन खड़ा है। — **दरवाज़े पर कौन खड़ा है?**

### कुछ करने की बारी

दिए गए अनुच्छेद में गोले ( ) में उचित विराम-चिह्न लगाइए।

छि (!) छि (!) तुम कितने गंदे हो (?) न जाने कब से तुमने अपना मुँह साफ नहीं किया (।) कितनी मक्खियाँ भिनभिना रही हैं तुम्हारे ऊपर (?) उफ़ (!) मेमने ने भेड़िये से कहा (।) क्या (?) अभी तो मैंने रेत से मुँह साफ़

किया था (।) भेड़िया गुस्से से बोला (,) क्यों झूठ बोलते हो (?) अगर साफ़ किया होता तो क्या ऐसे मक्खियाँ भिनभिना रही होतीं (?)

**पता करने की बारी**

आप चिड़ियाघर देखने गए, वहाँ आपने क्या-क्या देखा? इसके बारे में अपने सहपाठी को लिखकर बताइए और पता कीजिए कि आपने इसमें कौन-कौन से विराम-चिह्न प्रयोग किए हैं?

विद्यार्थी स्वयं करें।

# 14. मुहावरे

## अभ्यास

**(क) दिए गए मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़िए।**

| | |
|---|---|
| 1. अँगूठा दिखाना | बहुत प्रसन्न होना |
| 2. आँख लगना | बहुत खुशियाँ मनाना |
| 3. फूला न समाना | नींद आना |
| 4. घी के दीये जलाना | साफ़ मना कर देना |

**(ख) वाक्यों में प्रयोग किए गए मुहावरों को पहचानिए और लिखिए।**

1. **मुहावरा** – आँख का तारा
2. **मुहावरा** – कमर कसना
3. **मुहावरा** – हाथ बँटाना
4. **मुहावरा** – दंग रह जाना

**(ग) मुहावरों के सही अर्थ के सामने ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. मुँह में पानी आना | (ग) ललचा जाना | ✓ |
| 2. नानी याद आना | (ग) मुश्किल लगना | ✓ |
| 3. आँखों का तारा | (ग) बहुत प्यारा | ✓ |
| 4. आपे से बाहर होना | (ख) बहुत गुस्सा होना | ✓ |
| 5. दाँत खट्टे करना | (ग) बुरी तरह हरा देना | ✓ |

**कुछ करने की बारी**

चित्रों से संबंधित एक-एक मुहावरा लिखिए।



1. उल्लू बनाना



2. अँगूठा दिखाना



3. आँख लगना

**पता करने की बारी**

क्या आपके घर में घर का कोई सदस्य बात करते समय मुहावरों का प्रयोग करता है? पता कीजिए।
विद्यार्थी स्वयं करें।

# 15. संख्या-बोध

## अभ्यास

**(क) निम्नलिखित अंकों को शब्दों में लिखिए।**

| अंक | शब्दों में | अंक | शब्दों में |
|---|---|---|---|
| 5 | पाँच | 14 | चौदह |
| 19 | उन्नीस | 34 | चौंतीस |
| 39 | उनतालीस | 42 | बयालीस |

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति सही अंक से कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 |
| 37 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 |
| 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 |

**कुछ करने की बारी**

चित्र में दिखाई दे रही वस्तुओं को गिनकर शब्दों में लिखिए।



1. दो बंदर
2. तीन बाघ
3. पाँच खरगोश
4. छह तोते
5. सात तितलियाँ

**पता करने की बारी**

क्रिकेट के खेल में कितने खिलाड़ी होते हैं?

क्रिकेट के खेल में एक टीम में ग्यारह खिलाड़ी होते हैं।

# 21. अपठित बोध

## अभ्यास

**दिए गए गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. एक बनिये की दुकान पर रखी हुई शहद की बोतल उलट गई। चारों ओर से भिनभिनाती हुईं मक्खियों ने बिखरे शहद पर धावा बोल दिया। सब कुछ भूलकर वे शहद चाटने में इतनी व्यस्त हुईं कि उनके पैर शहद में चिपक गए। अब उनके लिए उड़कर लौट पाना असंभव था। तब एक मक्खी ने रुआँसी आवाज़ में कहा, "कितनी मूर्ख हैं हम! शहद चाटने के लोभ के कारण हमने अपनी जान खतरे में डाल दी।"

   (क) बनिये की दुकान पर रखी हुई शहद की बोतल उलट गई।

   (ख) बिखरे हुए शहद पर मक्खियों ने धावा बोला।

   (ग) मक्खियों के पैर शहद में चिपक गए।

   (घ) मक्खियों के लिए अब उड़कर लौट पाना असंभव हो गया था।

   (ङ) मक्खियों को पछतावा हुआ कि शहद के लालच में उन्होंने अपनी जान खतरे में डाल दी।

2. दो मित्रों ने एक साथ व्यापार प्रारंभ किया। दोनों का व्यापार एक जैसा ही था। पहला मित्र संतोषी था किंतु दूसरा लालची था। पहले ने जो काम पकड़ा, उसे छोड़ा नहीं, चाहे नफ़ा हुआ या नुकसान। दूसरा नुकसान होते ही अपना कारोबार बदल लेता। तीस वर्ष में उसने पच्चीस कारोबार बदले पर कुछ नहीं जोड़ सका जबकि पहले मित्र ने छोटे कारोबार से बहुत कुछ जोड़ लिया। यह देखकर दूसरा मित्र एक ऋषि के पास इसका कारण जानने गया। ऋषि ने कहा, "बेटा! व्यवसाय हो या साधना, यह तभी सुफल देते हैं जब कर्ता के मन में एकाग्रता हो। सामने दो गायें देख रहे हो न। पहली गाय सुबह से छोटी-छोटी दूब चरने में मस्त है, उसका पेट भर गया है। दूसरी गाय दस मील के भरे खेत से आई है, लेकिन चंचलता के कारण उसका पेट अब भी खाली है।"

   (क) पहला मित्र संतोषी था और दूसरा लालची।

   (ख) पहले मित्र ने जो काम पकड़ा, वह छोड़ा नहीं।

   (ग) दूसरा मित्र नुकसान होते ही कारोबार बदल लेता।

   (घ) ऋषि ने कहा कि व्यवसाय हो या साधना, यह तभी सुफल देते हैं जब कर्ता के मन में एकाग्रता हो।

   (ङ) दूसरी गाय दस मील के भरे खेत से आई थी लेकिन चंचलता के कारण उसका पेट अब भी खाली था।

3. एक गाँव में दो मित्र रहते थे। एक बार दोनों मित्र जंगल में घूम रहे थे। वहाँ उन्हें सामने से एक भालू आता हुआ दिखाई दिया।

   भालू को देखकर दोनों डर गए। एक मित्र दौड़कर पेड़ पर चढ़ गया। दूसरे मित्र को पेड़ पर चढ़ना नहीं आता था। वह ज़मीन पर साँस रोककर लेट गया। भालू उसके पास आया। भालू ने उसके कान सूँघे और उसे मरा हुआ समझकर चला गया।

   भालू के चले जाने पर पहला मित्र पेड़ से नीचे उतरा। उसने दूसरे मित्र से पूछा, "भालू ने तुम्हारे कान में क्या कहा?" दूसरे मित्र ने उत्तर दिया, "भालू ने कहा कि स्वार्थी मित्र से दूर रहो।"

   यह सुनकर पहले मित्र का सिर शर्म से झुक गया।

   1. दोनों मित्र कहाँ घूम रहे थे? (ख) जंगल में
   2. दोनों मित्रों को रास्ते में कौन आता दिखाई दिया? (घ) भालू
   3. पहले मित्र ने भालू को देखकर क्या किया? (ग) वह पेड़ पर चढ़ गया।

4. दूसरा मित्र कहाँ लेट गया? (घ) ज़मीन पर

5. किसका सिर शर्म से झुक गया? (क) पहले मित्र का

## पोस्टर

पोस्टर एक विज्ञापन पत्र होता है जिसमें आकर्षक चित्रों तथा लेखन का संयोजन होता है। इसका उद्देश्य किसी वस्तु का प्रचार करना या जन-जागरूकता फैलाना है। यह आमतौर पर दीवारों, खंभों या सार्वजनिक स्थानों पर देखे जाते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को पोस्टर के बारे में बताएँ।
- पाठ पृष्ठ पर पोस्टर की परिभाषा से अवगत करवाएँ।
- इसकी विशेषताएँ पढ़वाएँ।
- बच्चों को उदाहरण देकर विभिन्न प्रकार के पोस्टरों के बारे में बताएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए गए पोस्टर के उदाहरणों को पढ़वाएँ।
- बच्चों से विभिन्न विषयों पर अलग-अलग प्रकार के आकर्षक पोस्टर बनवाएँ।
- दिया गया अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।